# डोंगला से नानाखेड़ा तक होगी सौगातों की बौछार, 22 दिसंबर को आएंगे मुख्यमंत्री डॉ . यादव

**खगोलीय महत्व वाले डोंगला में सीएम का पहला पड़ाव**

**शाम को फिल्म राहु केतु के गीत का प्रमोशन**

**उज्जैन। महाकाल की नगरी 22 दिसंबर को एक बार फिर विशेष आयोजन और सौगातों की साक्षी बनने जा रही है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को उज्जैन पहुंचेंगे। उनका कार्यक्रम महिदपुर के ऐतिहासिक और खगोलीय महत्व वाले ग्राम डोंगला से प्रारंभ होगा।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सीधे महिदपुर के ग्राम डोंगला जाएंगे। जहां वे स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री पुनः उज्जैन लौटेंगे और नानाखेड़ा क्षेत्र में कई विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमि पूजन करेंगे। सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए यह दौरा अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इसी दौरान शहर को कई नई योजनाओं की बड़ी सौगात लगातार मिल रही है।

डॉ. मोहन यादव के इस दौरे का दूसरा चरण नानाखेड़ा में होगा, जहां वे विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के लिए प्रशासनिक स्तर पर जोर-शोर से काम शुरू हो चुका है, और मुख्यमंत्री द्वारा इन परियोजनाओं को हरी झंडी मिलने से शहर में विकास की गति और तेज होगी। सड़क, यातायात, पर्यटन, उद्योग व धार्मिक संरचनाओं से जुड़े कई कार्यों पर ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है। शाम होते ही शहर के सांस्कृतिक माहौल को एक नया रंग मिलेगा जब मुख्यमंत्री पॉलिटेक्निक कॉलेज में फिल्म राहु केतु के एक गीत के प्रमोशन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में मुंबई से पूरी फिल्म यूनिट मौजूद रहेगी।




## मैप कास्ट के आमंत्रण पर जाएंगे सीएम

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ . मोहन यादव 22 दिसंबर को डोंगला मेप कास्ट के आमंत्रण पर पहुंच रहे है, यहां पर जो कार्यक्रम रखा है। उसकी तैयारी के लिए एसडीएम अजय हिंगे और स्थानीय पुलिस ने मौका मुआयना किया। साथ ही मैप कास्ट के अधिकारी डॉ भूपेश सक्सेना के टीम भी मौके पर जुटी हुई है। मुख्यमंत्री का यह दौरा केवल कार्यक्रमों तक सीमित नहीं है। यह उज्जैन और महिदपुर के लिए विकास और फिल्मी उत्साह का अनोखा संगम साबित होने जा रहा है। कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, संभागायुक्त आशीष सिंह, एसपी प्रदीप शर्मा सहित प्रथम कौशिक, राजेश राठौर, एलएन गर्ग, कृतिका भीमावद सभी तैयारियों में जुटे हुए हैं।

## डोंगला से गुजरती है कर्क रेखा

डोंगला, जहां मुख्यमंत्री अपना पहला कार्यक्रम करेंगे। यह स्थान ऐतिहासिक गौरव और वैज्ञानिक दृष्टि से विशेष माना जाता है। डोंगला वह क्षेत्र है जहां से कर्क रेखा गुजरती है। प्राचीन काल में इस स्थान को खगोलीय शोध का केंद्र माना गया है। यह स्थान उज्जैन की काल-गणना परंपरा से जुड़ा है क्योंकि उज्जैन को काल-गणना और जीरो मेरिडियन का प्राचीन केंद्र माना जाता रहा है। विद्वानों का मानना है कि इस डोंगला क्षेत्र के भूगोल और रेखाओं का अध्ययन सूर्य की चाल, ऋतुओं के परिवर्तन और पंचांग निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता था। उज्जैन को जिन कारणों से विश्व के प्राचीन खगोलशास्त्रीय केंद्रों में गिना जाता है।

## मुख्यमंत्री ने आमंत्रण सहर्ष किया स्वीकार

फिल्म के प्रोड्यूसर सूरज सिंह ने नवभारत से बातचीत में बताया कि मुख्यमंत्री सदैव कलाकारों को प्रोत्साहित करते हैं और जब उनसे उज्जैन में प्रमोशन कार्यक्रम करने का आग्रह किया गया, तो उन्होंने बिना देर किए इसे स्वीकार किया। उनके शब्दों में यह हमारे लिए गर्व की बात है कि मुख्यमंत्री स्वयं इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। फिल्म फुकरे में अभिनय करने वाली जोड़ी भी इस कार्यक्रम में शिरकत करेगी। मकर संक्रांति से पूर्व इस दौरे से यह उम्मीद बढ़ गई है कि मुख्यमंत्री शहर और क्षेत्रवासियों को महत्वपूर्ण सौगात देंगे। महाकाल की नगरी एक बार फिर विकास, अध्यात्म और संस्कृति की त्रिवेणी का संगम बनने जा रही है।

# पानी को लेकर माकड़ोन-डेलची के ग्रामीण आमने-सामने

**उज्जैन। जिले की नगर पंचायत परिषद माकडौन के अंतर्गत आने वाले ग्राम माकडौन एवं डेलची के ग्रामीण पैंतीसा डेम के पानी को लेकर आमने-सामने हो गए। बीती रात डेलची के ग्रामीणों ने माकड़ोन के ग्रामीणों की डेम पर लगी मोटरें उखाड फेंकी और पाईप तोड़ दिए। विवाद किया। मामले में शनिवार को माकड़ोन के ग्रामीणों ने धरना दिया। 2 घंटे से अधिक मुख्य मार्ग जाम रहा। प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश पर ग्रामीण माने। माकड़ोन थाना पुलिस ने डेलची के 15 ग्रामीणों पर नुकसानी, गाली गलौज, जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज किया है।**

पैंतीसा डेम के पानी को लेकर विवाद हुआ है। कभी यह डेम डेलची ग्राम पंचायत के अधिन आता था। डेम की पाल का एक हिस्सा माकड़ोन गांव से लगा हुआ है। पानी के बंटवारे का यह विवाद पिछले 5-6 सालों से चल रहा है। डेलची के कृषकों का कहना है कि अगर बाहर के लोग पानी बराबर खिंचते रहेंगे तो उनकी फसलों का क्या होगा। डेम में वर्तमान में पानी की कमी है। ऐसे में बीती रात को डेलची के कृषकों ने माकड़ोन के कृषकों की वहां लगी मोटरें उखाड़ दी और उनमें लगे पाईप तोड़ दिए। माकड़ोन से डेलची की दूरी करीब 3 किलोमीटर है। इसी से एक बार फिर विवाद उठ खडा हुआ। पैंतीसा डेम के पानी को लेकर हुए विवाद के चलते माकड़ोन के किसानों ने मंडी गेट के बाहर चक्काजाम कर दिया। करीब दो घंटे से ज्यादा समय तक यह धरना दिया गया। समर्थन में महिलाएं भी अपने काम छोड़कर प्रदर्शन में शामिल हो गईं। जाम के कारण सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं और आवागमन बाधित हुआ। माकड़ोन के किसानों का आरोप है कि डेलची गांव के किसानों ने बीती रात उनकी मोटर और पाइप लाइन को नुकसान पहुंचाया। डेम के पानी के बंटवारे को लेकर माकड़ोन और डेलची गांव के किसानों के बीच पिछले करीब छह वर्षों से विवाद चल रहा है। रात के समय डेलची के कुछ लोगों ने डेम से माकड़ोन की ओर जा रही पाइपलाइन की मोटर उखाड़कर फेंक दी और कई पाइप तोड़ दिए।

मौके पर पुलिस और प्रशासन की टीम भेजी गई है जो नुकसान का आंकलन करेगी और पानी के विवाद को आपसी बैठक के जरिए सुलझाने का प्रयास किया जाएगा। माकडौन थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत के अनुसार शिकायत पर पुलिस ने 15 ग्रामीणों के विरुद्ध नुकसानी, गालीगलौज, जान से मारने की धमकी सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

## 15 लोगों के खिलाफ किया प्रकरण दर्ज

इस घटना से किसानों को भारी नुकसान हुआ है और उनकी फसलों की सिंचाई के लिए पानी की आपूर्ति भी बाधित हो गई। सुबह जब करीब 35 से अधिक किसानों की पाइपलाइन टूटी हुई मिली तो आक्रोशित होकर माकड़ोन के 200 से ज्यादा किसानों ने चक्काजाम कर दिया। पूर्वान्ह से चक्काजाम दोपहर तक चला। किसानों का कहना है कि इस समय गेहूं की फसल के लिए अधिक पानी की आवश्यकता है। जबकि डेम में पानी की कमी बनी हुई है। इसी वजह से हर साल पानी के बंटवारे को लेकर दोनों गांवों के बीच विवाद की स्थिति पैदा हो जाती है। तहसीलदार नवीन कुंभकार ने बताया कि बीती रात कुछ किसानों द्वारा पाइपलाइन और मोटर नष्ट किए जाने की घटना सामने आई है। किसानों ने नुकसान की भरपाई और पानी के अधिकार की मांग की है मामले में पुलिस ने 15 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है।

# महिलाओं से आभूषण ठगने वाले ईरानी गैंग के बदमाशों से पूछताछ

**ग्वालियर पुलिस को मिली थी ठगों को पकड़ने सफलता**

**उज्जैन में की गई तीन वारदातें कबूलीं**

**उज्जैन।** महिलाओं से आभूषण ठगने वाले ईरानी गैंग के दो बदमाशों को ग्वालियर से उज्जैन लाकर पूछताछ की जा रही है। बदमाशों ने नीलगंगा थाना क्षेत्र में 10 माह पहले महिला के टॉप्स से झांसा देकर ठगे थे। बदमाशों से दो अन्य वारदातों का सुराग भी मिला है।

24 फरवरी को नीलगंगा थाना क्षेत्र के केटीएम शोरूम के पास जनरल स्टोर्स संचालित करने वाली सावित्री पति जगदीश नागर के पास दोपहर 12 बजे अपाचे बाइक से 2 बदमाश पहुंचे थे। पहले उन्होंने सौ का नोट देकर चुन्नी खरीदी थी और झांसा देकर आधा तोला वजनी टॉप्स लेकर भाग निकले थे। सावित्री की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था, कुछ देर बात खबर सामने आई थी कि 2 बदमाशों ने उन्हेल थाना क्षेत्र जनरल स्टोर्स संचालित करने वाली रीतू पोरवाल से पाउडर का डिब्बा खरीदने के बाद 6 ग्राम अंगूठी ठग ली थी। 2 थानों की पुलिस बदमाशों की तलाश कर पाती, तभी पता चला था कि बदमाश बिरलाग्राम थाना क्षेत्र के बंगाली कालोनी भी पहुंचे थे। यहां किराना दुकान संचालित करने वाली ज्योति पति रवि मंडल से साबून खरीदने के बाद मंगलसूत्र ठगकर भागे हैं। 4 घंटे में तीन वारदात होने पर तीन थानों की पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू की थी, लेकिन कुछ पता नहीं चल पा रहा था। कुछ दिन पहले खबर मिली कि भोपाल के रहने वाले ईरानी गैंग के 2 बदमाश हैदर पिता मुजफ्फर अली और अफजल पिता अच्छे मियां को ग्वालियर की डबरा पुलिस ने आभूषण ठगने के मामले में गिरफ्तार किया है। दोनों ने उज्जैन के नीलगंगा थाना क्षेत्र में भी वारदात करना कबूल किया है। थाना प्रभारी तरुण कुरील ने बताया कि थाना क्षेत्र की वारदात का पता चलने पर एक टीम डबरा भेजी गई थी। जहां से दोनों को प्रोटेक्शन रिमांड पर 3 दिनों के लिये पूछताछ के लिये उज्जैन लाया गया है। उज्जैन जिले के 3 थाना क्षेत्र में हुई वारदात के बाद दुकान संचालित करने वाली महिलाओं ने बताया था कि दोनों बदमाशों ने पहले सामान खरीदा था। उसके बाद गले, कान और हाथ में पहने आभूषण देख कहा था कि अपने आभूषण सौ और पांच सौ के नोट पर रख गल्ले में रख लो, इससे फायदा होगा, महिलाएं उनकी बातों में आ गई थी, उनके बताई बातों का मानने के बाद तीनों महिला सुधबुध खो बैठी थी, जब होशो हवास में आई तो आभूषण गायब थे।

## वृद्ध महिला ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

उज्जैन। 50 साल की वृद्ध महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। हालत बिगड़ने पर उसे चरक अस्पताल लाया गया। जहां रात में उसकी मौत हो गई। शनिवार सुबह अस्पताल पुलिस चौकी द्वारा पोस्टमार्टम करवाया गया है। उन्हेल के ग्राम पिपल्या सारंग में रहने वाली सुगनबाई पति हरिराम शुक्रवार को घर पर अकेली थी। परिजन खेत से लौटे तो सुगनबाई को बेसुध हालत में पाया। घर में दुर्गन्ध आ रही थी और सुगनबाई द्वारा की गई उल्टियां पड़ी थी। पूछताछ करने पर सुगनबाई ने कीटनाशक जहरीला पदार्थ खाने की बात कही। परिजन तुरंत उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने उज्जैन रैफर कर दिया। शाम को चरक अस्पताल लाया गया। लेकिन रात में सुगनबाई की मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। पुलिस ने परिजनों के बयान के आधार पर मामले में जांच की बात कही है।

# पुलिस अधीक्षक ने किया थानों का निरीक्षण

**उज्जैन।** कानून व्यवस्था और अपराधियों पर लगाम करने वाले एसपी द्वारा पुलिस थानों का निरीक्षण किया जा रहा है। शनिवार को एसपी जीवाजीगंज थाने पहुंचे थे।



एसपी प्रदीप शर्मा द्वारा समय-समय पर पुलिस थानों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। शनिवार को जीवाजीगंज थाने पहुंचे एसपी को देख पूरा थाना अलर्ट हो गया। उन्होंने थाना भवन का निरीक्षण करने के साथ ही अभिलेख चंद्रन की स्थिति का अवलोकन किया तथा कार्य बनाने में सुधार के निर्देश जारी किये, एसपी ने लंबित अपराध और पुराने प्रकरणों की जानकारी मांगी और फाइलों की जांच की। थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने थाने की गतिविधियों से अवगत कराया। इस दौरान एसपी ने पुलिस कर्मियों को मुस्तैद और कर्त्तव्य निष्ठा के साथ काम करने की बात कही। एसपी अब तक नरवर, भैरवगढ़, महाकाल, चिमनगंज, नीलगंगा और कुछ ग्रामीण स्थान का निरीक्षण किया है। नीलगंगा थाने में पुलिस कर्मियों की गैर मौजूदगी के चलते एक दिन का वेतन काटने के निर्देश भी जारी कर चुके हैं। महाकाल और भैरवगढ़ थाने पर एसआई और प्रधान आरक्षक की कार्यशैली देख उन्हें पुरस्कार भी दिया है।

## साधारण सभा निरस्त

**उज्जैन।** आज 21 दिसंबर रविवार को प्रेम छाया परिसर में श्री रविदास सेवक संघ की कोई साधारण सभा नहीं रखी गयी है और ना ही नवीन अध्यक्ष एवं कार्यकारीणी की चयन संबंधी भी कोई मीटिंग नहीं रखी गयी है। ऐसे भ्रामक प्रचार से सभी रविदास समाज जन सावधान रहें। श्री रविदास सेवक संघ के उपाध्यक्ष चुन्नीलाल सूर्यवंशी ने बताया कि मुकेश सूर्यवंशी नामक व्यक्ति के द्वारा मनघड़ंत श्री रविदास सेवक संघ के नाम से पर्चा समाज जनों को भिजवाया है। जिसमें संस्था का पता व जारीकर्ता का पता सूचना पत्र में नहीं हैं। इस प्रकार पूर्ण रूप से श्री रविदास सेवक संघ के नाम की सूचना भ्रमक व झूठी है। श्री रविदास सेवक संघ के अध्यक्ष किशोरीलाल सूर्यवंशी है व संस्था का पंजीकृत कार्यालय 3/4, कुशलपुरा, उज्जैन है।

## अभा अग्रवाल वैवाहिक युवक -युवती परिचय सम्मेलन का शुभारंभ

**उज्जैन।** बाबा महाकाल की नगरी अवंतिका में श्री अग्रवाल जेसीस उज्जैन द्वारा संयोजक विजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में षष्टम अखिल भारतीय अग्रवाल वैवाहिक युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन शगुन शहनाई गार्डन में किया जा रहा है।

शनिवार को षष्टम दो दिवसीय अखिल भारतीय परिचय सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर मुकेश टटवाल, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, समाजसेवी राकेश अग्रवाल, नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, पंचायत न्यास अध्यक्ष निमेष अग्रवाल, ट्रस्टी गोपाल अग्रवाल, जयकिशन अग्रवाल, श्री अग्रवाल जेसीस के संयोजक विजय अग्रवाल, परिचय सम्मेलन अध्यक्ष जगदीश गोयल, अग्रवाल महिला जेसीस अध्यक्ष संध्या अग्रवाल द्वारा पितृ पुरुष महाराजा अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। शुभारंभ पर महिला जेसीस द्वारा गणेश वंदना की प्रस्तुति दी गई। मंचीय कार्यक्रम के दौरान अतिथि का दुपट्टा एवं पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने पत्रिका परिचय लोक का विमोचन किया। मंचीय कार्यक्रम के बाद अग्रवाल जेसीस उज्जैन द्वारा आयोजित परिचय सम्मेलन का शुभारंभ हो गया। मंच पर अग्रवाल समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों ने आकर अपना परिचय दिया एवं अपने जीवनसाथी की खोज को आगे बढ़ाया। श्री अग्रवाल जेसीस उज्जैन के संयोजक विजय अग्रवाल, अध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल एवं टीम की महीनों की मेहनत रही कि देश ही नही विदेशो से भी जिनमे अमेरिका, कनाडा सहित कई देशों से परिचय सम्मेलन में इंट्री प्राप्त हुई। परिचय सम्मेलन में विजय अग्रवाल, संरक्षक जयकिशन अग्रवाल, स्वागत अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, अध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, सचिव मोहित अग्रवाल, अजीत मंगलम सहित समाजजन उपस्थित थे।

## प्रतियोगिता में विजेताओं को दिए उपहार

**उज्जैन।** योगा कनक श्रृंगा एवं स्पोर्ट्स एसोसिएशन शा. शालिग्राम तोमर स्कूल दौलतगंज उज्जैन द्वारा स्व. श्री रविशंकर सोलंकी जी की 24वी पुण्य तिथि पर विशेष कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें संस्था द्वारा मलखंभ, रोप मलखंभ, योगा, सूर्यनमस्कार, प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले बच्चे को संस्था द्वारा जूते (शूज) वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनिल जैन कालूहेड़ा विधायक, जगदीश पांचाल, योगेश्वरी राठौड़, विजय सिंह चौहान, मनोज गुर्जर, रितेश वर्मा, अम्बर जैन, शुभम बारोड, शकुन्तला सोलंकी, संतोष सोलंकी, आशीष करेड़िया, उपाध्यक्ष सपना माली, संस्था सदस्य नीतू साहू, गंगा सोलंकी द्वारा बच्चों को आशीर्वचन व गिफ्ट वितरित किए गए।

## इंटरनेशनल सोशल वर्कर्स कांफ्रेंस का शुभारंभ

**उज्जैन।** सेवाधाम आश्रम में भारतीय शिक्षा मण्डल एवं सामाजिक कार्य विभाग सम्राट विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में द्वि-दिवसीय द्वितीय इंटरनेशनल सोशल वर्कर्स कांफ्रेंस का देश विदेश से आए अतिथिगणों ने सद्गुरू रणछोड़दास महाराज के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुभारंभ हुआ। उद्घाटन सत्र कांफ्रेंस अध्यक्ष भरत भाई पाटनी, अशोक अवस्थी, बिजनेस लीडर व वरिष्ठ समाजसेवक, सुरेश चव्हाणके अध्यक्ष प्रबंध निदेशक सुदर्शन न्यूज, प्रो. चिंतामणि मालवीय विधायक, राधेश्याम शर्मा, डॉ. ऋषि मोहन भटनागर, सुधीर गोयल, अंकित शाह, अर्पण भारद्वाज, मुकेश पांडे, सुरेश कुमार जैन, प्रो. राकेश सिंघई, प्रो. अजय राणा, ने अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर समस्त अतिथियों का स्वागत मालवी पगड़ी, केसरिया दुपट्टे एवं महाकाल का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। सुधीर गोयल ने आश्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सुरेश चव्हाणके ने भी संबोधित किया। संस्थाध्यक्ष डॉ. ऋषि मोहन भटनागर, दिल्ली ने समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## महिला पर हमला

**उज्जैन।** ग्राम रुदाहेड़ा की रहने वाली कमलाबाई पति प्रहलाद राठौर को घायल हालत में चरक अस्पताल लाया गया है। जहां उपचार के लिए डॉक्टरों ने भर्ती किया है। घायल कमला बाई ने बताया कि उसका परिवार के सदस्यों से खेत को लेकर पिछले पांच सालों से विवाद चला आ रहा है। जिसमें राजीनामे के लिए शाम को कमल, सावन, मानूबाई, पूजा, अंतरसिंह, आत्माराम घर पर आए थे। उन्होंने राजीनामे का दबाव बनाया। मना करने पर लाठियों से हमला किया है। मामले में पुलिस द्वारा घायल महिला के बयान दर्ज कर प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

# डिस्पोजल ग्लास का उपयोग नहीं करने वाले होटल संचालक का नगर निगम ने किया सम्मान

**उज्जैन।** स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान अंतर्गत उज्जैन शहर में महापौर मुकेश टटवाल के निर्देश अनुसार निगम द्वारा एक नई पहल की शुरुआत करते हुए सिंगल यूज पॉलीथिन, प्लास्टिक व चाय के डिस्पोजल ग्लास को पूर्ण रूप से प्रतिबंध किया गया है। इसके लिए शहर में अभियान चलाते हुए चाय की दुकानों, होटल एवं गुमटी वालों को समझाइश दी गई थी कि वह डिस्पोजल ग्लास का उपयोग ना करते हुए कांच के ग्लास या मिट्टी के कुल्हड़ का उपयोग करें अन्यथा चालानी कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में उक्त अभियान में सहयोग करने पर गुरुकृपा टी स्टॉल एवं नाश्ता पॉइंट के व्यवसायी का निगम ने शाल ओढ़कर स्वास्थ्य अधिकारी हरीश व्यास, कालूराम सोलंकी द्वारा सम्मानित किया।



## वार्ड 38 में सीमेंट कांक्रीट कार्य का भूमि पूजन


उज्जैन। वार्ड क्रमांक 38 के क्षेत्रीय पार्षद एवं एमआईसी सदस्य अनिल गुप्ता के प्रयासों से क्षेत्र में 12 लाख रुपए की लागत से सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण का कार्य नगर निगम द्वारा करवाया जा रहा है। उक्त कार्य का भूमि पूजन शनिवार को निगम अध्यक्ष कलावती यादव द्वारा नगर भाजपा अध्यक्ष श्री संजय अग्रवाल, महामंत्री आनंद खींची, पार्षद एवं एमआईसी सदस्य अनिल गुप्ता, मंडल अध्यक्ष हरीश सोलंकी की उपस्थिति में किया गया। उल्लेखनीय है कि वार्ड क्रमांक 38 अंतर्गत पाटीदार हॉस्पिटल के पीछे नगर निगम कॉलोनी रोड तक निगम द्वारा 12 लाख रुपए की लागत से सीमेंट कांक्रीट का कार्य करवाया जाएगा। इस दौरान डॉ. महेंद्र पाटीदार, सुनील चावंड, इंदर सिंह गहलोत, सहायक यंत्री रवि राठौर, उपयंत्री सौम्या चतुर्वेदी एवं वार्ड के सम्माननीय नागरिक उपस्थित रहे।

**आज भी दिनभर भजन, पाठ, कथा सहित कई कार्यक्रम होंगे**

# उज्जैन का सिख समाज शहीदी पर्व में जुटा, गीता कॉलोनी के गुरुद्वारे में कीर्तन व लंगर

नवभारत न्यूज

**उज्जैन।** उज्जैन का सिख समाज इन दिनों शहीदी पर्व में जुटा है। गीता कॉलोनी स्थित माता गुजरी गुरुद्वारा में धार्मिक कार्यक्रम चल रहे हैं। साहिबजादे और माता गुजरी के शहीदी पर्व को समाजजनों द्वारा श्रद्धा पूर्वक मनाया जा रहा है।



शनिवार की सुबह अखंड पाठ की समाप्ति के बाद सिख समाज के लोगों ने निशान साहिब की सेवा की। गुरुवाणी, कीर्तन और कथा का आयोजन हुआ। समाज के दलजीत सिंह अरोरा ने बताया शाम 6.30 से 7.30 बजे तक पाठ रहिरास साहिब और स्थानीय जत्थे द्वारा कीर्तन किया गया। इसके शाम 7.30 से 9.45 बजे तक भाई अमनदीप सिंह मंझ साहिब बीवी कौलां वाले ने कीर्तन प्रस्तुत किया। रविवार को सुबह 10 बजे से 11.30 बजे तक स्थानीय जत्थे द्वारा कीर्तन किया जाएगा। सुबह 11.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक कथा-कीर्तन व इसके बाद गुरुजी के अटूट लंगर का आयोजन किया जाएगा। 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के अवसर पर फ्रीगंज स्थित गुरुद्वारा सुख सागर से एक शौर्य यात्रा निकलेगी। यह यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गुरुद्वारा माता गुजरी पहुंचेगी। दो दिवसीय शहीदी पर्व से पहले 18 दिसंबर को शहीदी जोड़ मेला और बच्चों की गुरमत प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई थीं, जिनकी प्रदर्शनी गुरुद्वारा में लगाई जाएगी।

## राम धुन-हनुमान चालीसा में 500 लोग उमड़े, सीएम नहीं आए



उज्जैन के इंजीनियरिंग कॉलेज ग्राउंड पर शनिवार को सर्व सनातनी संस्था द्वारा आयोजित रामधुन और सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ में करीब 500 लोग उमड़े। आयोजन में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व बागेश्वर धाम के पं. धीरेंद्र शास्त्री के भी आने की संभावना जताई गई थी। लेकिन दोनों नहीं आए। आयोजकों ने कहा कि कार्यक्रम में डेढ़ लाख लोगों के शामिल होने की तैयारी की गई थी। लेकिन जिला प्रशासन से अनुमति नहीं होने व अधिक भीड़ एकत्रित नहीं करने के निर्देश को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम को सीमित कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन ने शुक्रवार को ही स्थायी या अस्थायी पंडाल और टेंट लगाने पर रोक लगा दी थी। साथ ही कहा था कि बिना अनुमति के धार्मिक कार्यक्रम आयोजित न करें। इसलिए कार्यक्रम को सीमित करना पड़ा। शनिवार सुबह करीब 9 .30 बजे कार्यक्रम की शुरुआत में भक्तों ने रामधुन लगाई और फिर हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया। इस अवसर पर महंत रामेश्वर दास महाराज, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा सहित आयोजन समिति की दुर्गेश नंदनी शर्मा प्रमुख रूप से मौजूद रही।

# नि :शुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य शिविर आज

**उज्जैन। लायन्स क्लब उज्जैन महाकाल, युवा मंच संत्सग समिति, अमृत हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर, इंगोरिया के संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में मोतियाबिंद के रोगियों का ऑपरेशन अमृत हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर, इंगोरिया के सहयोग से नि:शुल्क होगा।**

समाजसेवी अजीत मंगलम ने बताया कि संयोजक गोपाल बागरवाल, मंच अध्यक्ष मनोहर परमार के संयोजन में आज 21 दिसंबर रविवार को प्रात: 10.30 से दोपहर 1 बजे तक हिरदेश्वर महादेव मंदिर, जीरो पांईट ब्रिज के पास आयोजित किया जाएगा। शिविर में आंखों से कम दिखाई देना, लाल रहना, जलन, मोतियाबिंद, कांचबिंद नासूर, पानी बहना आदि की नि:शुल्क जांच एवं परामर्श दिया जाएगा। साथ ही आंखों से संबंधित रोगियों को आवश्यकतानुसार दवाइयां नि:शुल्क प्रदान की जावेगी। दंत परीक्षण एवं बी. पी., शुगर की नि:शुल्क जांच मुख एवं दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. मनु सागर मारोठिया, वीएसजी क्लीनिक सेंटर के सहयोग से बी.पी. एवं शुगर की जांच नि:शुल्क रहेगी। ऑपरेशन हेतु चयनित मरिजों को आधार कार्ड की फोटो कॉपी लाना अनिवार्य है। आरएस गिल, पिंकी यादव, सपना आदि ने शहरवासियों से शिविर में पधारकर स्वास्थ्य लाभ लेने का अनुरोध किया है। अजीत मंगलम ने बताया कि हर माह महीने के आखिरी रविवार को हिरदेश्वर महादेव मंदिर में कैंप आयोजित होगा। हर माह यह सारी सुविधाओं के साथ शहर के स्पेशलिस्ट डॉक्टर अपनी सेवाएं नि:शुल्क देंगे।